तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

4

एक ही छत के नीचे होगा आईसीयू एचडीयू, पीआईसीयू और वेंटिलेटर बेड





खबर संक्षेप

24 टन अवैध कबाड़ से भरा ट्रक जब्त

रायगढ़। अवैध कबाड़ के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने रायगढ़ इस्पात प्लांट जाने वाले मार्ग पर एक ट्रक को रोककर उसमें लदा 23.880 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है। जब्त कबाड़ की अनुमानित कीमत करीब 9 लाख 57 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने ट्रक समेत करीब 18 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक 10 चक्का ट्रक में बिना वैध दस्तावेज के स्क्रैप लोड कर रायगढ़ इस्पात प्लांट ले जाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रायगढ़ इस्पात मेन रोड पर घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक ओआर 15 आर 2257 ट्रक को रोक लिया। जांच के दौरान ट्रक में भारी मात्रा में स्क्रैप लदा मिला। वाहन चालक स्युवीर सिंह निवासी ऐंठापाली संबलपुर से कबाड़ के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह संबलपुर के ग्राम रैमण्ड से कबाड़ लेकर रायगढ़ इस्पात प्लांट में खाली करने जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने ट्रक में लदे स्क्रैप का वजन कराया। कांटा कराने पर कुल 23 टन 880 किलोग्राम कबाड़ पाया गया। दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने स्क्रैप और परिवहन में इस्तेमाल ट्रक को जब्त कर लिया।

एमएसपी कंपनी में डीओ कटवाने को लेकर विवाद

रायगढ़। एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड में डीओ कटवाने को लेकर विवाद और मारपीट का मामले में पीड़ित ट्रक ड्राइवर ने चक्रधर नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है, वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़ित चालक मुकेश सिंह ने बताया कि वह बीते 6 अक्टूबर की सुबह लगभग 8 बजे अपने मालिक की गाड़ी का डीओ कटवाने के लिए एमएसपी प्लांट गया हुआ था। उसी समय गोलू यादव और उसके साथियों लाल साहू एवं मनीष यादव ने उससे जबरन पहले डीओ कटवाने की बात कही। जब मुकेश ने कहा कि वह पहले आया है और नियम से काम होगा, तो इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी बीच गोलू यादव, लाल साहू और मनीष यादव ने मुकेश सिंह के साथ डंडे और हथियारनुमा वस्तु से मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में मुकेश की आंख के पास गंभीर चोट आई है।

मोबाइल टावर से बैटरी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। तमनार पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी हेमंत राठिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने अपने साथी रजनीकांत सिदार के साथ मिलकर इंदिरानगर पेट्रोल पंप के सामने थर्मल पावर प्लांट तमनार के मोबाइल टावर से 6 नग एक्साइड बैटरियां चोरी की थी। इस मामले में आरोपी रजनीकांत सिदार को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज चुकी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 30 सितंबर को प्रार्थी चन्द्रसेन कुर्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि इंदिरानगर पेट्रोल पंप के सामने थर्मल पावर प्लांट तमनार स्थित मोबाइल टावर का सुबह निरीक्षण करने पर उसके सेल्टर का ताला टूटा हुआ मिला। सेल्टर के अंदर रखी 6 नग एक्साइड बैटरियां, कीमत करीब 30 हजार गायब थीं।

अभी हो रहा है किराए के भवन में संचालन, स्वंय का नहीं है स्थायी भवन

6 साल बाद मिली शहीद नंदकुमार पटेल विवि को जमीन, कोतरलिया में 16 एकड़ एलॉट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आखिरकार 6 साल बाद शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय को जमीन मिल गई है। विश्वविद्यालय कोतरलिया में करीब 16 एकड़ जमीन एलॉट कर दी गई है। इसकी प्रक्रिया काफी लंबे समय से चल रही थी। कई बार जमीन देखी गई, लेकिन कुछ न कुछ अड़ंगा उसमें आ जा रही थी। इसके कारण अब तक विश्वविद्यालय को खुद की जमीन नहीं मिल पा रही थी। अब जाकर जमीन मिली है। ऐसे में प्रबंधन ने जहां राहत की सांस ली है। वहीं विश्वविद्यालय मापदंडों को भी अब पूरा करने में आसानी होगी।

महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। स्थापना के बाद छात्रों को काफी कुछ सुविधाएं मिल रही है, लेकिन विश्वविद्यालय को अब तक जमीन नहीं मिल पाई थी। हालांकि अब काफी जद्दोजहद के बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन को जमीन मिल गई है।

शहर से लगे कोतरलिया में करीब 16एकड़ जमीन प्रशासन ने एलॉट कर दिया है। जानकारी के अनुसार अभी स्वयं का भवन नहीं होने की वजह से किराए के भवन में विश्वविद्यालय का संचालन हो रहा है।



नैक मूल्यांकन कर अनिवार्यता और विभिन्न अध्ययन शालाओं के संचालन के लिए स्वयं का परिसर है जरुरी

दूसरी ओर नैक मूल्यांकन की अनिवार्यता और विभिन्न अध्ययन शालाओं के संचालन के लिए स्वयं का परिसर है होना जरुरी है। ऐसे में प्रबंधन जब से विश्वविद्यालय की स्थापना हुई है तब से जमीन की तलाश कर रहा था, लेकिन तलाश पूरी नहीं हो पा रही थी। 6 साल बाद अब जाकर यह तलाश पूरी हुई है। ऐसे में प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। प्रबंधन को कोतरलिया में सरकारी जमीन खसरा नंबर 275/1 रकबा 12.415 में से 16 एकड़ जमी शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की स्थापना के लिए आबंटित की गई है। इसके लिए विश्वविद्यालय खुलने के बाद से ही प्रबंधन प्रयास कर रहा था।

हो रही थी दिक्कत

स्वयं का भवन नहीं होने की वजह से शोध कार्य, अकादमिक गतिविधियों और खेलकूद संबंधी गतिविधियों के संचालन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। खास बात यह है कि इस साल याने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय को पांच संकायों में विश्वविद्यालय अध्ययन शाला (यूटीडी) संचालित करने की अनुमति भी मिल गई है। शैक्षणिक कक्षों और अन्य गतिविधियों के संचालन के लिए स्वंय का भवन व परिसर होना जरुरी है।

25 नवंबर 2020 से संचालन

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय बीते 25 नवंबर 2020 से रायगढ़ जिले में राजकीय विश्वविद्यालय के रुप में संचालित है। वर्तमान में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है। कारण खुद का न तो भवन है और न ही परिसर। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12 (बी) में पंजीयन होने, नैक एनएएसी मूल्यांकन की अनिवार्यता और विभिन्न अध्ययन शालाओं के संचालन के लिए स्वयं का भवन व परिसर होना जरुरी है।

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय को कोतरलिया में करीब 16 एकड़ जमीन एलॉट की गई है। लंबे समय से इसके लिए प्रयास किए जा रहे थे। कुछ न कुछ कारणों से एलॉट नहीं हो पाई थी। अब जमीन एलॉट हो गई है।

महेश शर्मा
एसडीएम रायगढ़

शादी का झांसा देकर युवती का शोषण आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। लैलूंगा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय विशाल भगत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय युवती ने लैलूंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती ने बताया कि वह विशाल भगत को करीब दो वर्षों से जानती थी। दोनों के बीच मुलाकात होती थी। आरोप है कि विशाल ने युवती से शादी कर उसे पत्नी बनाकर साथ रखने का भरोसा दिया। इसके बाद 1 जनवरी 2025 को आरोपी उसके घर पहुंचा और शादी का भरोसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद भी आरोपी लगातार शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। वर्तमान में युवती ने खुद के गर्भवती होने की जानकारी भी पुलिस को दी। जब उसने आरोपी से शादी कर पत्नी के रूप में साथ रखने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने पूरे मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी।

बिजली की हुकिंग से जंगली सुअर का शिकार, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम भुईकुर्री में बिजली लाइन से अवैध हुकिंग कर जंगली सुअर का शिकार करने का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए मृत नर जंगली सुअर के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। वहींए मामले में शामिल दूसरा आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

वन विभाग के अनुसार 8 अक्टूबर को परिसर रक्षक देलारी, लाखा और जिवरी जंगल गश्त पर निकले थे। इसी दौरान ग्राम भुईकुर्री में एक व्यक्ति मृत जंगली सुअर के साथ मिला। टीम ने मौके पर मृत वन्य प्राणी की जांच कीए जिसमें प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बिजली लाइन से अवैध हुकिंग कर करंट प्रवाहित करते हुए जंगली सुअर का शिकार किया गया था। पूछताछ और जांच में आरोपी की पहचान जयप्रकाश राठिया निवासी भुईकुर्री के रूप में हुई। वन विभाग के मुताबिकए आरोपी ने तुलाराम राठिया के साथ मिलकर नर जंगली सुअर का शिकार किया था। जंगली सुअर को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित वन्य प्राणी माना गया है।



मामले में वन विभाग ने भारतीय वन्यजीव ;संरक्षणद्ध अधिनियमए 1972 की धारा 2,1,16, 9, 39 और 50 के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई के बाद आरोपी जयप्रकाश राठिया को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल दाखिल किया गया है। वहींए मामले का दूसरा आरोपी तुलाराम राठिया निवासी भुईकुर्री घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। वन विभाग की टीम उसकी तलाश में जुटी है। अधिकारियों द्वारा शिकार में इस्तेमाल किए गए बिजली कनेक्शन और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

सामारुमा क्षेत्र में ट्रेलर के सामने आकर खड़ा हुआ हाथी, दोनों ओर रोके गए वाहन

तमनार में सड़क पर उतरा 40 हाथियों का दल, घंटों थमा यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार वन परिक्षेत्र के सामारुमा क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही के चलते सड़क पर यातायात प्रभावित हो गया। यहां करीब 40 हाथियों का दल सड़क पर पहुंच गया, जिसके कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बुधवार की शाम को भी हाथियों का दल जंगल से निकलकर सड़क पार करने पहुंचा। इस दौरान एक हाथी सड़क पर खड़े ट्रेलर के सामने काफी देर तक खड़ा रहा। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बताया जा रहा है कि तमनार क्षेत्र में पिछले कुछ समय से हाथियों की लगातार आवाजाही बनी हुई है। बुधवार को सुबह हाथियों का एक बड़ा दल सामारुमा क्षेत्र में सड़क पर पहुंच गया। हाथियों को सड़क पर देखते ही वन विभाग की टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही रोक दी। सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े रहे और लोग हाथियों के सड़क पार करने का इंतजार करते रहे। इसी तरह शाम को भी एक बार फिर हाथियों का दल जंगल से निकलकर सड़क की ओर पहुंचा। इसी दौरान एक हाथी सड़क पर खड़े ट्रेलर के बिल्कुल सामने आकर खड़ा हो गया। कुछ देर तक उक्त हाथी ट्रेलर के पास ही मौजूद रहा। वहीं ट्रक की ओर अपने सूंढ और पैरों से इराशे करता हुआ नजर आया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस पूरे घटनाक्रम को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। हाथियों के जंगल की ओर वापस जाने के बाद ही सड़क पर यातायात बहाल किया गया। वन विभाग के अनुसार, क्षेत्र में पहले हाथियों की संख्या करीब 49 बताई जा रही थी। इनमें से 9 हाथी छाल रेंज की ओर चले गए हैं, जबकि शेष हाथियों की तमनार क्षेत्र में आवाजाही लगातार बनी हुई है। हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की टीम उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही है। वन अमले ने लोगों से हाथियों के नजदीक नहीं जाने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है।



बाकारुमा में खैर लकड़ी से भरा ट्रक जब्त अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर फरार

वन विभाग की कार्रवाई, धरमजयगढ़ काष्ठागार में रखा गया ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए खैर की लकड़ियों से भरा 14 चक्का ट्रक जब्त किया है।

धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारुमा रेंज अंतर्गत बाकारुमा-लैलूंगा मार्ग पर धातुनपारा के पास वन अमले ने ट्रक को पकड़ा। हालांकि, कार्रवाई के दौरान ट्रक में सवार चालक और अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। वन विभाग ने ट्रक समेत उसमें लदी लकड़ियों को जब्त करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं फरार आरोपियों की तलाश भी की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, बाकारुमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन अमला रात में जंगल में गश्त और जंगली हाथियों की निगरानी में जुटा था। इसी दौरान वन विभाग को सूचना मिली कि बाकारुमा जंगल क्षेत्र से खैर की लकड़ियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही बाकारुमा रेंजर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और संदिग्ध ट्रक की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। ट्रक के ऊपर तिरपाल ढका हुआ था। जांच के दौरान जब तिरपाल हटाया गया, तो उसके भीतर बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ियां लदी मिलीं। वन अमले के पहुंचने से पहले ही ट्रक चालक और उसके साथी अंधेरे में भाग निकले। इसके बाद मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेंजर ने लैलूंगा क्षेत्र के वन अमले के साथ संबंधित चौकीदार और फायर वॉचर को भी मौके पर बुलाया। स्थानीय वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों की मौजूदगी में ट्रक और उसमें लदी लकड़ियों की जांच की गई। मौके पर पंचनामा तैयार कर जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ट्रक और उसमें लदी खैर की लकड़ियों को जब्त कर धरमजयगढ़ काष्ठागार डिपो में सुरक्षित रखवाया गया है।

लकड़ी की कीमत का आकलन जारी

जब्त खैर की लकड़ियों की कुल मात्रा और बाजार मूल्य का आकलन किया जा रहा है। वहीं फरार चालक और अन्य संलिप्त लोगों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। वन विभाग मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटा है। बता दें कि वन अमला रात में गश्त और हाथियों की ट्रैकिंग कर रहा था। इसी दौरान अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना मिली, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त किया गया।

यातायात नियमों का पालन ही सेवा संकल्प की मूल भावनाः शंभूनाथ

रायगढ़। पुलिस द्वारा थाना यातायात परिसर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हेलमेट वितरण के साथ यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चतुर्वेदी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत, राजकीय गीत एवं राष्ट्रगान से हुई।

माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चतुर्वेदी ने कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में यातायात नियमों का पालन नहीं करना सामाजिक जिम्मेदारी में कमी को दर्शाता है। विकसित भारत की परिकल्पना तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक नागरिक कानून एवं यातायात नियमों का पालन करेगा। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का सहयोग करने के बजाय उन्हें नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन करना ही सही मायने में सेवा संकल्प की मूल भावना से जुड़ा विषय है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि यातायात पुलिस द्वारा सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा नागरिकों में यातायात जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रवर्तन एवं जागरूकता संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2026 से सितंबर 2026 तक मोटरयान अधिनियम के तहत 30 हजार 859 कार्रवाई की गई हैं तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालकों से 2 करोड़ 77 लाख 95 हजार 400 का अर्थदंड वसूल किया गया है।



एफआईआर के एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली

92 लाख की सरकारी रकम लेकर ठेकेदार गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि का एक बड़ा हिस्सा खाते में पहुंचने के बाद काम नहीं कराने के मामले में आरोपी ठेकेदार नंदराम लहरे अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

चक्रधर नगर थाने में उसके खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज हुए करीब एक महीना बीत चुका है, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। यह मामला सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास मद की करीब 1.19 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि से जुड़े 11 विकास कार्यों का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस



के राज्यसभा सांसद केटीएस तुलसी के कार्यकाल के दौरान रायगढ़ जिले के एकताल, धनुआरडेरा और मिड़मिड़ा में सीसी रोड तथा सोलर स्ट्रीट लाइट के 11 कार्य स्वीकृत किए गए थे। इन कार्यों के लिए करीब 1 करोड़ 19 लाख रुपए की मंजूरी मिली थी। निर्माण कार्य शुरू किए बिना ही महावीर ट्रेडर्स, कोसीर के संचालक नंदराम लहरे के खाते में 91 लाख 73 हजार 976 रुपए ट्रांसफर हो गए। नियमों के मुताबिक स्वीकृत कार्यों की फाइल जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से निर्माण एजेंसी जनपद पंचायत पुसौर को भेजी जानी थी। इसके बाद वर्क ऑर्डर और कार्ययोजना की प्रक्रिया पूरी होने पर निर्माण शुरू होना था। किंतु नियम विरूद्ध इस निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद राशि सीधे फर्म के खाते में पहुंच गई और इसके बाद मौके पर काम नहीं कराया गया। मामला सामने आने के बाद कलेक्टर ने जांच के निर्देश भी दिए थे। जांच में कार्य नहीं होने की पुष्टि के बाद ठेकेदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इस दौरान नंदराम ने काम पूरा करने के लिए करीब एक महीने का समय मांगा था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी कार्य पूरे नहीं हुए। इसके बाद राशि की रिकव्हरी और एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बता दें कि नंदराम लहरे का नाम पूर्व में भी सरकारी राशि से जुड़े एक बड़े घोटाले के मामले में सामने आ चुका है। करीब 12 साल बाद एक बार फिर सरकारी योजना की राशि से जुड़े मामले में उसका नाम सामने आने से विभागीय प्रक्रिया और निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। चक्रधर नगर पुलिस ने सितंबर की शुरुआत में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। करीब एक माह गुजरने के बाद भी आरोपी का पता नहीं चल पाया है। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती सरकारी खाते से निकली 91.73 लाख रुपए की राशि की रिकव्हरी के साथ आरोपी की गिरफ्तारी की है।

घर में चल रही थी अवैध आरा मशीन, वन विभाग ने मारा छापा

रायगढ़। घर के आंगन में साल और सागौन की लकड़ियों का चिरान और बाड़ी में अवैध आरा मशीन चलाने की सूचना पर घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के ग्राम ढेरम में उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में चिरान लकड़ी के साथ आरा मशीन, ट्राली, कटर मशीन और बढ़ई के औजार जब्त किए हैं।

जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता टीम को सूचना मिली थी कि ढेरम निवासी अम्बे लाल उरांव अपने मकान में अवैध रूप से साल और सागौन की लकड़ियों का चिरान एकत्र करते हुए आरा मिल का संचालन कर रहा है। जिसके बाद टीम ने उसके घर पर दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान मकान के आंगन में बड़ी मात्रा में चिरान की हुई लकड़ी मिली। वहीं घर की बाड़ी में आरा मशीन संचालित हालत में पाई गई। वन अमले ने लकड़ी से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन अम्बे लाल कोई कागजात नहीं दिखा सका। इसके बाद टीम ने मौके पर लकड़ियों की नाप-जोख कर 100 से अधिक नग साल-सागौन का चिरान जब्त किया। कार्रवाई के दौरान अवैध आरा मशीन के साथ लकड़ी ढुलाई में इस्तेमाल होने वाली ट्राली भी जब्त की गई। इसके अलावा 8 छोटी-बड़ी कटर मशीनें और बढ़ई के काम में इस्तेमाल होने वाले कई औजार भी वन विभाग ने कब्जे में लिए। वन विभाग के मुताबिक जब्त चिरान की शुरुआती कीमत 50 हजार रुपये से अधिक है। हालांकि लकड़ी का विस्तृत मूल्यांकन पूरा होने के बाद ही वास्तविक कीमत सामने आएगी।

खबर संक्षेप

बीएमओ डॉ. सेतराम राज्य स्तर पर सम्मानित



घरघोड़ा। घरघोड़ा ब्लॉक के बीएमओ डॉ सेतराम पैंकरा को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। टीबी मुक्त सम्पूर्ण क्षय सुरक्षित विकासखंड के रूप में राज्य स्तर पर घोषित किए जाने तथा विकासखंड में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैंकरा को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विकासखंड खड़गवां, जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के कर.कमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत घरघोड़ा के माननीय अध्यक्ष महोदय सहनू राम पैंकरा साथ मे उपस्थित थे। राज्य स्तर पर प्राप्त यह सम्मान घरघोड़ा विकासखंड के साथ साथ पूरे रायगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैकरा ने इस उपलब्धि का श्रेय स्वयं लेने के बजाय पूरी स्वास्थ्य विभाग की टीमए मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों, मितानिनों, जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के सामूहिक सहयोग को दिया।

पुसौर में आंगन मिलन समारोह का आयोजन



पुसौर। नगर पंचायत पुसौर के मंदिर परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमेश साव शामिल हुए। कार्यक्रम में पूरक पोषण आहार से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय मोटा अनाज दाल हरी सब्जियों से बने हलवा खिचड़ी लड्डू आदि को आकर्षक तरीके से सजाकर रखा था। इस अवसर पर पुसौर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राखी गुप्ता कमला साव गोपिनी गुप्ता तपस्विनी चौहान सावित्री सिदार पिंकी स्वर्णकार गौरी बेहरा रूपवती चौहान सहित सहायिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही महतारी वंदन योजना प्रधानमंत्री आवास योजना और पूरक पोषण आहार के लाभार्थी महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। महतारी वंदन पर उमेश साव का सीधा सवाल मंच से मुख्य अतिथि उमेश साव ने महतारी वंदन की लाभार्थी महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने पूछा 1000 रुपए का आप क्या करती हैं महिलाओं ने बताया आधा पैसा हम बच्चे के नाम से पोस्ट ऑफिस में जमा कर देते हैं और आधा पैसा घर में दवा और बच्चों की जरूरत के लिए रखते हैं। इस जवाब पर उमेश साव ने कहा कि यही सही उपयोग है। महतारी वंदन सिर्फ पैसा नहीं महिला सशक्तिकरण है। कुपोषण पर बड़ी बात समीक्षा के दौरान जब बताया गया कि पुसौर मुख्यालय के 5 आंगनबाड़ी केंद्रों में एक भी गंभीर कुपोषित बच्चा नहीं है तो मुख्य अतिथि उमेश साव ने राहत की सांस ली।

एकता मंच ने नवीन थाना परिसर में किया पौधरोपण

चंद्रपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकता मंच चंद्रपुर के तत्वावधान में 7 अक्टूबर को नवीन थाना परिसर चंद्रपुर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और सामूहिक रूप से विभिन्न पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं एकता मंच के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण एवं पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए पौधरोपण आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसे सामूहिक प्रयासों से नगर में हरियाली बढ़ाने के साथ साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सकता है। एकता मंच द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा लगाए गए पौधों की जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल करें, ताकि पौधरोपण अभियान को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं एकता मंच के सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

संगीत साधक निमाई चरण पंडा के निधन से कला एवं संगीत जगत में शोक की लहर

रायगढ़। रायगढ़ के संगीत जगत के वरिष्ठ एवं ख्यातिनाम संगीत साधक निमाई चरण पंडा के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। उनके



निधन से रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति एवं संगीत जगत में शोक की लहर व्याप्त है। उनके जाने से संगीत साधना के क्षेत्र में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई कर पाना अत्यंत कठिन है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल ने संगीत साधक निमाई चरण पंडा जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि निमाई चरण पंडा का संपूर्ण जीवन संगीत साधना, कला के प्रति समर्पण और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपनी प्रतिभा, साधना और संगीत के प्रति अटूट निष्ठा से रायगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अनुपम पाल ने कहा कि निमाई चरण पंडा केवल एक वरिष्ठ संगीत साधक ही नहीं, बल्कि संगीत के प्रति समर्पण, अनुशासन और साधना की भावना के प्रतीक थे। उनका सरल एवं सहज व्यक्तित्व तथा संगीत के प्रति उनकी गहरी निष्ठा सदैव कला जगत से जुड़े लोगों, संगीत प्रेमियों और नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। उनकी संगीत साधना और सांस्कृतिक योगदान आने वाली पीढ़ियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की पहचान देश प्रदेश में उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक एवं संगीत परंपरा के कारण रही है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

महिलाओं ने किया हुनर, ताकत व रचनात्मकता का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथलगांव

अग्रसेन जयंती महोत्सव में इस बार सिर्फ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम नहीं है, बल्कि महिलाओं के हुनर, ताकत और रचनात्मकता का भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कहीं पंजा लड़ाओ में ताकत की आजमाइश हुई, तो कहीं फेंटा-पिठो में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। वहीं, मीठा बनाओ प्रतियोगिता में स्वाद और सजावट ने सभी का ध्यान खींचा।



फेंटा-पिठो में रूपा अग्रवाल ने मारी बाजी

फेंटा-पिठो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले चरण में रूपा अग्रवाल और ज्योति अग्रवाल के बीच टाई होने के बाद दोबारा मुकाबला कराया गया। इसमें रूपा अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। ज्योति अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि आंचल अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर नवयुवक समिति के अध्यक्ष नेहल अग्रवाल ने विजेताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अग्रसेन जयंती का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

पंजा लड़ाओ में अब्बिका विजेता, सांझी उपविजेता

पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता में भी रोमांच अपने चरम पर रहा। बालिकाओं और महिलाओं के बीच हुए मुकाबलों में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अब्बिका गोयल ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सांझी अग्रवाल उपविजेता रहीं। आयोजन समिति के साथ अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव मनमोहन गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रामनिवास जिंदल सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।



मीठा बनाओ में स्वाद और सजावट का अनोखा संगम

मीठा बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने घर से तैयार कर लाए गए आकर्षक और स्वादिष्ट व्यंजनों से अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की खास शर्त यह थी कि व्यंजन में मिठास के साथ नमकीन का स्वाद भी अनिवार्य था। निर्णायक मंडल ने स्वाद को सात और सजावट को तीन अंक निर्धारित किए थे। इस रोचक मुकाबले में अविका गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निधि अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि शीतल अग्रवाल और मुस्कान मित्तल संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रतिभाओं को मंच समाज में उत्साह

अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं ने यह साबित किया कि सामाजिक आयोजन केवल परंपराओं के निर्वहन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आपसी मेल-मिलाप, प्रतिभा प्रदर्शन और नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त माध्यम हैं। महिलाओं और युवतियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से पूरे आयोजन में उत्सव का माहौल बना रहा।

थानों में वकीलों से दुर्व्यवहार का आरोप, अधिवक्ता संघ ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थानों में पैरवी के लिए पहुंचने वाले अधिवक्ताओं के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर जिला अधिवक्ता संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष लालमणी त्रिपाठी के नेतृत्व में एसएसपी शशि मोहन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और पुलिसकर्मियों को अधिवक्ताओं के साथ शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश देने की मांग की। अधिवक्ता संघ के अनुसार जिले के अलग-अलग थानों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें पैरवी के लिए पहुंचे वकीलों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। संघ ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में अधिवक्ताओं को लॉकअप में बैठाने तक की धमकी दिए जाने की शिकायत सामने आई है। संघ का कहना है कि अधिवक्ता जब किसी पक्षकार की ओर से पैरवी करने थाने पहुंचता है तो उसके साथ मर्यादित व्यवहार होना चाहिए। पुलिस और अधिवक्ता दोनों ही न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, ऐसे में थाने में होने वाला कथित दुर्व्यवहार न केवल अधिवक्ताओं के सम्मान को प्रभावित करता है, बल्कि इससे पक्षकारों की पैरवी और न्यायिक प्रक्रिया पर भी असर पड़ सकता है। अधिवक्ता संघ ने एसएसपी से जिले के सभी थानों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए जाने की मांग की है। साथ ही जिन पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं, उनकी शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की भी मांग की गई है। अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में भी ऐसी घटनाएं सामने आती रहीं और पुलिसकर्मियों के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ, तो संघ आंदोलन का रास्ता अपना सकता है।

■ शिकायतों पर कार्रवाई की मांग

164 गांवों की 21,225 हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई का लाभ



रायगढ़। रायगढ़ की बहुप्रतीक्षित केलो वृहद् परियोजना के शेष निर्माण कार्यों को गति देने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट में परियोजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों से विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परियोजना के अंतर्गत शेष नहर रिच और नहर संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए इनके निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को आपसी समन्वय से कार्यों में तेजी लाने तथा शेष निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता मनीष गुप्ता ने बताया कि केलो वृहद् परियोजना रायगढ़ शहर से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम दनौट में केलो नदी पर स्थित है। परियोजना के पूर्ण होने से रायगढ़ और सक्ती क्षेत्र के 164 गांवों की कुल 21,225 हेक्टेयर भूमि को खरीफ फसल के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसमें रायगढ़ जिले के 156 गांवों की 20,011 हेक्टेयर तथा सक्ती क्षेत्र के 8 गांवों की 1,214 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

रिवीजन पर जोर, तो भविष्य नहीं होगा कमजोर



रायगढ़। पढ़ाई आपके जीवन को सुंदर और आसान बनाती है। आप सभी छात्र-छात्राएं पढ़ाई के महत्व को पहचानें और अपने कैरियर को सफल बनाने की दिशा में जुट जाएं। इसके लिए जरूरी है कि स्कूल में पढ़ाई के साथ.साथ घर में भी नियमित अभ्यास किया जाए। इससे सही समय पर दोहराव होने से न केवल परीक्षा में अच्छे अंक आएंगे, बल्कि विद्यार्थी पढ़ाई के महत्व को भी अच्छी तरह समझ सकेंगे। उक्त बातें रायगढ़ के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर प्रमोद कुमार साहू ने कही। श्री साहू आज जिला मुख्यालय से लगे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुरी में छात्र-छात्राओं को स्टडी रिवीजन की महत्ता बता रहे थे। रेलवे विभाग में पदस्थ प्रमोद साहू ने छात्रों को बताया कि जीवन में पढ़ाई क्यों जरूरी है। उन्होंने चार्ट पेपर के माध्यम से समझाया कि पढ़ाई के जरिए ही विद्यार्थी अपने जीवन को सुंदर और आसान बना सकता है। इसके लिए उन्होंने चार प्रमुख बातों पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थी की मित्रता भले ही कम होए लेकिन मित्र अच्छे और पढ़ने.लिखने वाले होने चाहिए। विद्यार्थी टीवी और मोबाइल से यथासंभव दूरी बनाकर रखें। सबसे खास बातए छात्र के लिए माइंडसेट का होना जरूरी हैए क्योंकि पढ़ाई के समय एकाग्रता रहने से विषय आसानी से समझ में आ जाता है। श्री साहू ने कहा कि चिकित्सकीय भाषा में ईसीजी रिपोर्ट की तरह हमारे जीवन में भी उतार.चढ़ाव आते रहते हैं। कोई भी परीक्षा हमारे जीवन मूल्यों से बड़ी नहीं है। असफलता से हार नहीं मानें, बल्कि असफल होने के कारणों को समझकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें। विद्यार्थी को अपने गुरुजनों से पढ़ाए जा रहे विषय पर सवाल पूछने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी कुछ अनहोनी होती भी है तो यह मत सोचिए कि गलत हुआ है। कुछ चीजें अच्छे के लिए भी होती हैंए इसलिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर के प्राचार्य पर छात्र से मारपीट का आरोप



चंद्रपुर। नगर पंचायत चंद्रपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को संस्कार, अनुशासन और सुरक्षित माहौल देने का दावा किया जाता है, लेकिन इसी विद्यालय में एक छात्र के साथ मारपीट के आरोप ने गुरु शिष्य के रिश्ते और विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 14 वर्षीय छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। छात्र के पिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में विद्यालय के प्राचार्य जगन्नाथ नायक पर अपने पुत्र के साथ गाली गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और हाथ मुक्के से मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार मारपीट की घटना में छात्र के बाएं पैर के घुटने, सिर और पीठ में चोट आई है। पुलिस को दी गई शिकायत में छात्र के पिता ने बताया कि उनका पुत्र सरस्वती शिशु मंदिर चंद्रपुर में कक्षा 9वीं में पढ़ता है। 30 सितंबर को परीक्षा देने के बाद करीब 12 बजे वह अपने कमरे के बगल में बने बाथरूम की दीवार के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान विद्यालय के प्राचार्य जगन्नाथ नायक वहां पहुंचे। शिकायत के अनुसार प्राचार्य ने छात्र को वहां बैठने की बात पर कथित रूप से गालियां दी। इसके बाद छात्र के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में पिता ने बताया कि मारपीट के कारण उनके पुत्र के बाएं पैर के घुटने, सिर और पीठ में चोट लगी है। घटना के बाद छात्र काफी डरा औरे सहमा हुआ है। उसने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पिता द्वारा पुलिस के समक्ष रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

चंद्रपुर में क्वांर नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक



चंद्रपुर। नगर पंचायत चंद्रपुर में क्वांर नवरात्रि पर्व का आयोजन 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किया जाएगा। नवरात्रि पर्व के दौरान नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को दोपहर 1 बजे विश्राम गृह परिसर चंद्रपुर में शांति समिति की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं, पार्किंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को नवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती पंकज पटेल, तहसीलदार चंद्रपुर संजय मिंज, नायब तहसीलदार डभरा आशीष पटेल, सीएमओ चंद्रपुर मोहन विश्वकर्मा, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, थाना प्रभारी चंद्रपुर जितेंद्र कौशले, हल्का पटवारी मुकेश रमन, तहसीलदार डभरा मनमोहन सिंह, पीएचसी से डॉक्टर तुलसी उरांव सहित विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि, मंदिर ट्रस्ट के समस्त न्यासी, समाजसेवी, मीडियाकर्मी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे। नवरात्रि के दौरान मां चंद्रहासिनी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की जाएगी। भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आवश्यकता के अनुसार पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। थाना पुलिस को नवरात्रि के दौरान लगातार पेट्रोलिंग करने तथा संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात को व्यवस्थित रखने तथा आपात स्थिति में आवागमन के लिए रास्ते सुचारू रखने पर भी जोर दिया गया।

नवागांव से वाशरी गेट तक उच्च गुणवत्ता वाली नई सड़क का भूमिपूजन



खरसिया। क्षेत्रीय विकास, जनसेवा और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश करते हुए भाटिया वाशरी प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से किया अपना वादा पूरा कर दिया है। नवागांव से वाशरी गेट तक प्रस्तावित अत्याधुनिक नई सड़क के निर्माण के लिए नवागांव रेलवे पुल के पास एक भव्य एवं विधिवत भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। भूमिपूजन के साथ ही निर्माण कार्य की शुरुआत कर कंपनी ने साफ कर दिया है कि वह बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और स्थानीय सुविधाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नवागांव से पामगढ़ की सड़क लंबे समय से मार्ग के जर्जर होने के कारण ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नई सड़क का निर्माण पूरा होने से न केवल आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। समारोह में भाटिया वाशरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीईओ अजीत कुमार की विशेष उपस्थिति रही। नवागांव, रजघट्टा और पामगढ़ के सरपंचों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों की गरिमामयी मौजूदगी में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-पाठ संपन्न हुआ। भाटिया वाशरी का ध्येय केवल व्यावसायिक संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इस माटी और यहाँ के निवासियों का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। नवागांव से वाशरी गेट तक की यह सड़क अत्याधुनिक तकनीक और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के साथ बनाई जाएगी, ताकि यह लंबे समय तक टिकाऊ रहे। आने वाले दिनों में कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित से जुड़ी कई और नई कल्याणकारी योजनाएं भी शुरू करने जा रही है। स्थानीय रोजगार और सामुदायिक विकास में अग्रणी भाटिया वाशरी लगातार क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। पेयजल व इंफ्रास्ट्रक्चरः ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने से लेकर आवागमन के साधनों के सुधार तक ठोस कदम। स्थानीय रोजगार पर जोरः कंपनी में अधिकांश कर्मचारियों एवं युवाओं को स्थानीय गांवों से ही प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया गया है।

शासकीय महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन



घरघोड़ा। सेवा, समर्पण, संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए सेवा, सामाजिक सरोकार, जनभागीदारी एवं राष्ट्रहित का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रशेखर सिंह के निर्देशन तथा इस अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती अदिति गौतम के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ 17 सितंबर को महाविद्यालय परिसर में आशीर्वाद का दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके माध्यम से मंगलकामना, सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार, सद्भावना एवं सेवा.भाव के प्रसार का संकल्प लिया गया। 22 सितंबर को विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोली प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम को कलात्मक रूप में अभिव्यक्त किया। अभियान की इसी श्रृंखला में 6 अक्टूबर 2026 को घरघोड़ा के जय स्तंभ चौक में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा नमो सेवा अनकही कहानी विषय पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय परिसर से बाहर सार्वजनिक स्थल पर आयोजित इस प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम नागरिकों के बीच सेवा एवं सामाजिक दायित्व का संदेश पहुंचाया। संगीत, संवाद, अभिनय और भावाभिव्यक्ति के समन्वय से प्रस्तुत नाट्य कार्यक्रम ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी आर के गोकुल मुख्य नगर पालिका अधिकारी घरघोड़ा श्रीमती पुष्पा खलखो, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक घरघोड़ा संतोष निषाद, श्रीमती राजकुमारी डनसेना पार्षद, शिक्षक गण तथा घरघोड़ा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जनपद परिक्रमा त्रिस्तरीय पंचायत राज में उलझी योजनाएं



पुसौर। देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था का गठन किया गया था। 73 वें संविधान संशोधन के तहत 1993 के आसपास इसे पूरे देश में क्रियान्वित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य था कि ग्राम सरकारें स्वायत्त रहें और अपनी जरूरत के अनुसार स्वयं अपनी योजनाएं तैयार करें। व्यवस्था कैसे काम करती है नियमानुसार ग्राम पंचायतें अपने गांव के विकास का प्लान बनाती हैं। उस प्लान की स्वीकृति जनपद पंचायत में होती है। स्वीकृति के बाद उसकी मॉनिटरिंग जांच और राशि प्रदाय करने की अंतिम जिम्मेदारी जिला पंचायत की होती है। इसी बीच केंद्र और राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती हैं। केंद्र की महती योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन सहित कई योजनाएं सीधे पंचायतों में आती हैं। वहीं राज्य शासन द्वारा पीएम आवास फंड, 15वें वित्त आयोग की राशि महतारी वंदन गोठान जैसी योजनाओं की राशि पंचायतों को मुहैया कराई जाती है ताकि गांव में विकास लाया जा सके। जानकारी के मुताबिक पंचायतों को दिया गया पीएम आवास और शौचालय निर्माण का लक्ष्य के करीब ज्यादातर पंचायतें नहीं पहुंच पा रही हैं। कई हितग्राहियों को आबंटित राशि मिलने के बावजूद उन्होंने अपना आवास पूरा नहीं बनाया है। ऐसे हितग्राहियों को अब पंचायत द्वारा नोटिस तामील की जा रही है। कई जगह आज भी छत स्तर पर अटके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय नहीं बनने से लोग आज भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि उन दिनों पंचायत, जनपद, जिला और पूरे प्रदेश में आनन फानन में शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे। ओडीएफ के नाम पर प्रदेश को अवॉर्ड भी मिला लेकिन आज की स्थिति में प्रायः प्रत्येक ग्राम में लोग खुले में शौच कर रहे हैं। सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि गांव की मुख्य सड़कें और गलियां अब शौच के कारण पगडंडी में तब्दील हो चुकी हैं। सुबह शाम सड़क किनारे गंदगी का अंबार लगा रहता है जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।



अभी भी तैयार नहीं हुआ सलमान की मातृभूमि का फाइनल वर्जन

मुंबई। अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'पर आए दिन कोई न कोई नया अपडेट सामने आ ही रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जल्द ही इस पिक्चर की रिलीज डेट का ऐलान हो सकता। ये भी कहा गया कि मेकर्स नवंबर में इस फिल्म को रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया कि अभी भी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। रिलीज डेट को लेकर फिलहाल स्पष्टता नहीं है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में अभी भी बदलाव का काम जारी है और रवि बसरूर बैकग्राउंड स्कोर पर लगे हुए हैं। मेकर्स ने अभी फिल्म का फाइनल कट तय नहीं किया है। यानी फिल्म का फाइनल वर्जन तैयार होना बाकी है।

लाइफ Style


कृति

लोग अपने काम से काम रखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट 'व्हाट वीमेन वांट' का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे।

अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, 'मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी।' इस पर करीना ने कहा, 'मुझे पता है।' शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें।' दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं।



हॉलीवुड मसाला




दी एक्जॉरसिस्ट मार्टर्स का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए मजेदार खबर आई है। 53 साल पुरानी दुनिया की सबसे हॉरर मूवी 'द एक्सॉर्सिस्ट' फ्रेंचाइजी के नए पार्ट की पहली झलक ने दस्तक दे दी है। इसकी पहली झलक ही होश उड़ाने के लिए काफी है। मशहूर फिल्ममेकर माइक फ्लैनगन की नई हॉरर फिल्म 'दी एक्जॉरसिस्टः मार्टर्स' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। 15 सेकेंड का यह टीजर फिल्म की कहानी तो पूरी तरह नहीं खोलता, लेकिन इसके डरावने विजुअल्स ने फिल्म को लेकर फैन्स में जरूर दीवानगी का आलम पैदा कर दिया है।



टॉम की फिल्म डिगर को 1350 करोड़ का नुकसान!

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की फिल्म 'डिगर' को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी असफलता का सामना करना पड़ा है। फिल्म को लगभग 1,350 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। वैसे तो नॉर्थ अमेरिका में भी ये बुरी तरह पिट ही रही है, लेकिन भारत में अजय देवगन की 'दृश्यम 3' के रिलीज होने का भी इस पर असर पड़ा है। एलेजैंड्रो इनारितु की फिल्म 'डिगर' - जिसमें टॉम क्रूज ने एक लालची तेल कारोबारी का ऐसा रोल निभाया है जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है - ओपनिंग वीकेंड में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने के बाद दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 19 साल पहले टॉम क्रूज की एक फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में $8 मिलियन से कम की ओपनिंग की थी।



35 साल की उम्र में दूसरी बार बनेंगी मां...

मुंबई। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर एक बार फिर नन्हे मेहमान की किलकारी गूंजने वाली है। कपल ने बुधवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस बात की जानकारी सभी के साथ शेयर की। पोस्ट सामने आते ही फैंस और बॉलीवुड सेलेब्स कपल को जमकर बधाई दे रहे हैं। कियारा आडवाणी ने इंस्टाग्राम पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर किया। पोस्ट में एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें कपल के हाथ पर एक छोटे से बच्चे के सॉक्स रखे हैं और उनकी बेटी सराया ने भी उसे पकड़ रखा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'एक बार फिर सबसे बड़े तोहफे का आशीर्वाद मिला है। हमारा दिल प्यार और शुक्रगुजार से भरा हुआ है।'



रामायण की दुनिया में वापस लौटा अरुण

नई दिल्ली। अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान श्रीराम का किरदार निभाया था। मगर नितेश तिवारी की रामायण में वह राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इस पोस्टर में वह अयोध्या के राजा की वेश भूषा में सिंहासन पर बैठे हुए हैं। इतने साल बाद अरुण को दोबारा रामायण के जुड़े पात्र के रूप में देखना अपने आप में एक भावुक पल होगा। मेकर्स ने इस फोटो के साथ एक खास कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब, वे अयोध्या के राजा के रूप में रामायण की दुनिया में लौट रहे हैं। अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में।' इस कैप्शन से निर्माताओं ने फैंस से कहा है कि रामानंद सागर ने अरुण गोविल को राम के रूप में कास्ट कर एक पीढ़ी पर छाप छोड़ी थी।

टीवी मसाला



'कपिल शो' में महफिल जमाने आ रहे सुनील व रवि

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का पॉपुलर शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने नए सीजन के साथ आ गया है। जो नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को खूब हंसा रहा है। इस शो में हर हफ्ते बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है। जिसमें क्रिकेट जगत के दो दिग्गज सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री कपिल की महफिल में चार चांद लगाते नजर आएंगे। कपिल शर्मा के इस सीजन में अब तक कई सितारे आ चुके हैं। शो के शुरुआती एपिसोड्स में बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स कपिल शर्मा की पूरी गैंग के साथ मजेदार मस्ती करते नजर आए हैं। जिसमें सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा शामिल हैं। हर शनिवार को आने वाला यह एपिसोड दर्शकों को हंसी का भरपूर डोज दे रहा है। सामने आए नए प्रोमो में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिखाई दे रहे हैं। जहां वो कपिल शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम के दिलचस्प किस्से और क्रिकेट की पुरानी यादें शेयर करते दिख रहे हैं। वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू जब सुनील गावस्कर से पूछते हैं कि वो उस दौर में बिना हेलमेट के कैसे बैटिंग कर लेते थे? तो गावस्कर मजाकिया लहजे में जवाब देते हैं "क्योंकि अंदर कुछ था ही नहीं." यह सुनकर पूरा सेट ठहाकों से गूंज उठता है।

बिग बॉस में शैनन की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री

नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 20' को शुरू हुए एक महीना हो गया और इस एक महीने में शो के अंदर काफी कुछ देखने को मिला। शो की शुरुआत में 16 प्रतियोगियों ने इसमें हिस्सा लिया था।



इसके बाद जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा तो तीन कंटेस्टेंट्स बाहर भी हो गए। अब शो में जल्द ही कुछ वाइल्डकार्ड एंट्री देखने को मिल सकती हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर शैनन के का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि शैनन बिग बॉस के इस सीजन में घर में बतौर वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एंट्री कर सकती हैं। बता दें कि शैनन के. बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू की बेटी हैं। सिंगर ने दो शादियां की और उनकी पहली शादी से बेटे जान कुमार सानू हैं और दूसरी पत्नी के साथ गायक ने एक बेटी को गोद लिया, जो शैनन हैं। शैनन ने अपना डेब्यू पॉप सिंगल 'अ लॉन्ग टाइम' से किया था, जिसे जस्टिन बीबर के सहयोगी पू बी ने प्रोड्यूस किया था और लिखा था। शैनन के. सिंगर हैं और उनका करियर सिर्फ भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म किंग में शाहरुख से भिड़ेंगे विलेन बने अभिषेक

शाहरुख खान की मच-अवेटेड एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किंग' को लेकर फैन्स के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। फिल्म में जहां शाहरुख खान एक खतरनाक रोल में दिखेंगे। वहीं, अभिषेक बच्चन फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान के साथ अपने रिश्ते और फिल्म 'किंग' को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर की हैं।

मुंबई। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख खान को अपने 'बड़े भाई'जैसा बताते हुए एक बड़ा खुलासा किया. वो कहते हैं कि- किंग खान ने कई बार पर्सनल तौर पर उनके कॅरियर में मदद की है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिषेक बच्चन ने बताया, 'शाहरुख खान मेरे लिए एक बड़े भाई की तरह हैं। सच कहूं तो उन्होंने कई बार मेरे कॅरियर की पर्सनल तौर पर जिम्मेदारी ली है, जिसमें अब हमारी अपकमिंग फिल्म 'किंग' भी शामिल है।' इस दौरान अभिषेक ने याद किया कि बॉलीवुड में एंट्री करने से बहुत पहले से वो शाहरुख खान के करीब रहे हैं। बचपन और शुरुआती दिनों को याद किया। साथ ही कहा कि- ऋतिक रोशन, उदय चोपड़ा और सिकंदर खेर के साथ संडे को क्रिकेट खेलने के दौरान भी शाहरुख उन सभी को गाइड करते थे। अभिषेक बच्चन ने बताया कि सालों पहले उन्होंने शाहरुख खान से पूछा था कि उनकी सबसे फेवरेट फिल्म कौन सी है।



इस पर शाहरुख खान ने उन्हें जो जवाब दिया था, वो सलाह अभिषेक के दिल में हमेशा के लिए बस गई। शाहरुख ने उनसे कहा था-मेरी पसंदीदा फिल्म वही होती है, जो मैं अभी कर रहा होता हूं। अगर वह मेरी पसंदीदा फिल्म नहीं है, तो मैं उसे कर ही क्यों रहा हूं? जो बीत गया, वो बीत गया लेकिन इस वक्त मेरे लिए मेरी सबसे पसंदीदा फिल्म वही है जो मैं कर रहा हूं। अभिषेक ने कहा कि वो भी इसी सोच को मानते हैं, और इसीलिए इस समय 'किंग' उनकी सबसे फेवरेट फिल्म है।

टकराव के डर से मेकर्स ने आगे बढ़ाई काली खेती की रिलीज...

फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट मेकर्स ने बदल दी है। पहले फिल्म अक्तूबर के महीने में रिलीज होने वाली थी। मगर अब इसकी रिलीज डेट को आगे खिसका दिया गया है। फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

मुंबई। बीते दिनों फिल्म 'काली खेती' के पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट 23 अक्टूबर बताई गई थी। मगर अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बढ़ा दी है। सोशल मीडिया के जरिए मेकर्स ने फैंस को बताया कि फिल्म अब 20 नवंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और शरद केलकर के अलावा नेहा सरगम भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्टूबर में कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें अजय देवगन की दृश्यम 3, आयुष्मान खुराना की उड़ता तीर, रश्मिका-विजय की रणबाली, यामी गौतम की नई नवेली और पहला प्यार दूसरी बार शामिल हैं। काली खेती का टकराव 'पहला प्यार दूसरी बार' से होने वाला है। यह फिल्म भी 23 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस वजह से जैकी श्रॉफ की फिल्म 'काली खेती' की रिलीज डेट को



आगे बढ़ा दिया गया। फिल्म का निर्देशन और लेखन हारिस इम्तियाज खान ने किया है। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए लगाते हैं एक से बढ़कर एक तरकीबें

सिनेमा जगत के 5 सबसे भयानक प्रमोशन, ऑडियंस की हो गई थी हालत खराब

नई दिल्ली। भारत में भले ही हॉरर फिल्मों का बाजार इतना बड़ा न हो, लेकिन अन्य देशों में इस तरह की फिल्में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। मेकर्स अपनी फिल्मों का प्रमोशन करने के लिए भी एक से बढ़कर एक तरकीबें लगाते हैं। आज हम जानेंगे सिनेमा जगत के इतिहास में अभी तक किए गए सबसे डरावने प्रमोशन इवेंट या एक्टिविटी। लिस्ट में कुछ ऐसे प्रमोशन इवेंट भी शामिल हैं, जिन्होंने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी थी।

थिएटर्स के बाहर नर्सों की कतारें

साल 1960 में आई फिल्म 'साइको' का प्रमोशन इस तरह का पहला प्रयोग था। कहा जाता है कि इसी फिल्म के जरिए हॉरर फिल्मों का भयानक अंदाज में प्रमोशन करने का सिलसिला शुरू हुआ था। डायरेक्टर अल्फ्रेड हिचकॉक ने सख्त नियम लागू करवाए थे कि फिल्म शुरू होने के बाद किसी भी लेट आने वाले को थिएटर में एंट्री नहीं मिलेगी। इसके साथ ही, सिनेमाघरों के बाहर नकली डॉक्टरों और नर्सों को तैनात किया गया था और दर्शकों को हार्ट अटैक के जोखिम की चेतावनी वाले फॉर्म दिए जा रहे थे। लोगों के दिमाग में भर दिया गया कि यह फिल्म इतनी डरावनी है कि इसे देखते हुए किसी की जान भी जा सकती है। लोग कांपते हुए यह फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देखने के दौरान भी उनकी हालत खराब थी कि आगे न जाने कौन सा सीन आ जाएगा।

शहर भर में 'लापता' लोगों के पोस्टर

यह प्रमोशन इवेंट साल 1999 में आई फिल्म 'द ब्लेयर विच प्रोजेक्ट' के लिए किया गया था। इसे सिनेमा के इतिहास का सबसे सक्सेसफुल और डरावना गुरिल्ला मार्केटिंग कैंपेन माना जाता है। हुआ यह था कि फिल्म के रिलीज होने से पहले मेकर्स ने इंटरनेट पर एक वेबसाइट बनाई और कॉलेज कैंपसों व थिएटर्स के बाहर फिल्म के मुख्य कलाकारों के लापता होने के पोस्टर लगा दिए। लोगों को यह यकीन दिलाया गया कि यह कोई फिल्म नहीं है, बल्कि उन छात्रों की असली फुटेज है जो जंगल में खो गए थे। लोगों में इस फिल्म ने काफी डर भर दिया था।



लाइव इवेंट में लोगों की हुई हालत खराब : साल 2022 में आई फिल्म 'स्माइल' और 2024 में आई 'स्माइल-2' के प्रमोशन में तो मेकर्स ने हद ही कर दी। मेकर्स ने अमेरिका के बड़े लाइव बेसबॉल मैचों और टीवी शोज के दौरान बैकग्राउंड में कुछ लोगों को डरावना मेकअप करके बिठा दिया। ये लोग बिना पलक झपकाए, लगातार कई घंटों तक कैमरे की तरफ देखकर एक बेहद डरावनी और अजीब मुस्कान देते रहे। लोग एक असली इवेंट में कनफ्यूज थे कि यह कोई मानसिक बीमारी है या भूतिया घटना।

जब बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना पड़ गया

बात साल 2006 की है जब टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल 3' का प्रमोशन चल रहा था। भले ही यह कोई हॉरर फिल्म नहीं थी, लेकिन इसके प्रमोशन ने लोगों को बहुत ज्यादा डरा दिया था। बाद में इस तरह को प्रमोशन एक्टिविटी करने के लिए मेकर्स की काफी निंदा भी की गई। हुआ यह था कि शहर के अखबार बेचने वाले बॉक्सों के अंदर मेकर्स ने छोटे डिजिटल म्यूजिक प्लेयर छिपाए थे, जो बॉक्स खुलते ही फिल्म की थीम ट्यून बजाते थे। बक्से के अंदर छिपे हुए तारों और अजीब आवाज सुनकर लोगों को लगा कि शहर में आतंकवादियों ने बम लगाए गए हैं। डर इतना बढ़ गया था कि कई इलाके खाली कराने पड़े और बॉम्ब स्क्वॉड को बुलाना बड़ा।

कॉफी शॉप में लड़की पर आया भूत?

साल 2013 में आई इस फिल्म के प्रमोशन के लिए मेकर्स ने न्यूयॉर्क की एक कॉफी शॉप में डरावना सेटअप तैयार किया था। यह दुकान के अंदर छिपे हुए तारों, रिमोट कंट्रोल कुर्सियों और नकली दीवारों का सेटअप था। जब आम ग्राहक वहां कॉफी पी रहे थे, तब एक एक्ट्रेस ने गुस्सा होने का नाटक किया और अपने दिमाग की शक्ति से एक आदमी को दीवार पर टांग दिया और टेबल-कुर्सियों को हवा में उड़ाने लगी। लोग चीखते हुए बाहर निकले और इस प्रैंक को आज तक के सबसे भयानक प्रैंक में गिना जाता है।

खबर संक्षेप



पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में खनक का शानदार प्रदर्शन

घरघोड़ा। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलाईपल्ली के कक्षा सातवीं की छात्रा कुमारी खनक सिदार ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर में द्वितीय स्थान हासिल की। इस उपलब्धि पर डीएवी विद्यालय के प्राचार्य नरोत्तम कुंवर ने इस व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए कुमारी खनक सिदार को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार से सम्मानित करते हुए सुबह के प्रार्थना सभागार में अन्य विद्यार्थियों को भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं भविष्य में अच्छे प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

13 को अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक

रायगढ़। जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक 13 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण एवं प्रधानमंत्री नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

गेरवानी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

रायगढ़। सेक्टर उर्दना अंतर्गत ग्राम गेरवानी के सामुदायिक भवन में आंगन मिलन सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित दो हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि योजनाओं से प्राप्त राशि का उपयोग परिवार एवं बच्चों के पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने में किया जा रहा है। इस दौरान 6 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 2 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।

आंबा के बच्चों की खुशियों में जुड़ें, खिलौना करें दान

रायगढ़। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए खेल खेल में सीखने का बेहतर वातावरण तैयार करने जिले में खिलौना बैंक की शुरुआत की गई है। 0 से 6 वर्ष की उम्र बच्चों के विकास की महत्वपूर्ण अवस्था होती है। खिलौनों और खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास को बढ़ावा मिलता है। इसी उद्देश्य से जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में खिलौना बैंक बनाए गए है। लोग अपने घरों में रखे अच्छी स्थिति के उपयोगी खिलौने दान कर सकते हैं।

सेवा सेतु शिविर में हाथों हाथ मिले प्रमाणपत्र

सारंगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम दानसरा में आयोजित विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और खुशियों की सौगात लेकर आया। शिविर में जातिए आयए निवास एवं विवाह प्रमाणपत्र सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलने से आवेदकों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। आवश्यक दस्तावेज हाथों में आते ही लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य शासन और जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल के प्रति आभार जताया। शिविर में आधार अद्यतन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

तमनार कालेज के स्वयंसेवकों ने किया नुक्कड़

तमनार। शासकीय महाविद्यालय तमनार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको द्वारा 8 अक्टूबर को तमनार के बाजारपारा स्थित सहयोग स्कूल के प्रांगण में सेवा संकल्प के तहत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित नुक्कड़ नाटक नमो गाथा की प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के राजनीतिक जीवन और उनके अवदान को रेखांकित किया गया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक में प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन और उनके कामों से जुड़े प्रसंग दिखाए। इस नाटक के जरिए उनकी सेवाए संकल्प और सार्वजनिक जीवन के कई पहलुओं को लोगों के सामने रखा गया। यह नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम प्रदेश भर में हो रहे हैं।

अस्पताल में बनेगा 300 बेड का नया भवन, 30 बेड का ट्रॉमा सेंटर

एक ही छत के नीचे होगा आईसीयू एचडीयू, पीआईसीयू और वेंटिलेटर बेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अब एक ही छत के नीचे कई तरह की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिलने वाली है। इसके लिए किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय परिसर में 300 बेड के नए भवन और 30 बेड के ट्रॉमा सेंटर के निर्माण होगी। यहां आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेवाओं के साथ गंभीर मरीजों के उपचार के लिए आईसीयू, एचडीयू, पीआईसीयू और वेंटिलेटर बेड की सुविधा होगी।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए प्रसव कक्ष, मदर एवं न्यू बॉर्न वार्ड तथा एसएनसीयू एनआईसीयू की व्यवस्था प्रस्तावित है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मंगलवार को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर निर्माण से पहले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्थल पर मौजूद जर्जर भवन को शीघ्र डिस्मेंटल कर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रस्तावित अस्पताल में मरीजों को एक ही परिसर में उपचार और जांच की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। मरीजों एवं परिजनों के लिए प्रतीक्षालय, पंजीयन, परामर्श, पार्किंग, लिफ्ट, रैंप और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। नए अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के निर्माण से रायगढ़ जिले के साथ आसपास के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर आपातकालीन, विशेषज्ञ और गंभीर उपचार की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण विस्तार होगा।

इन सुविधाओं का मिलेगा लाभ

अस्पताल में चार ऑपरेशन थिएटर, छह बेड डायलिसिस वार्ड, बर्न वार्ड तथा एक्स.रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं। पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, ब्लड बैंक, फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास सेवाओं के साथ सामान्य और निजी वार्ड भी होंगे।

बाहर से छोड़े जा रहे आवारा मवेशी और कुत्ते किसानों की फसलें तबाह, बच्चों में दहशत

- सुबह 7 बजे 2 पिकअप में भरकर लाए जाते हैं मवेशी, बाघाडोला, कोसमंदा, नावापारा में बढ़ी संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पुसौर तहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में बाहर से आवारा मवेशी और आवारा कुत्तों को लाकर छोड़े जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में अचानक मवेशियों और कुत्तों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। पिकअप से लाकर रोड किनारे छोड़े जा रहे हैं इसमें बाघाडोला, कोसमंदा और नावापारा ब के ग्रामीणों के अनुसार सुबह लगभग 7 बजे 2 पिकअप वाहनों में अलग अलग तरह के आवारा मवेशियों और कुत्तों को भरकर लाया जाता है और उन्हें सड़क किनारे ही छोड़ दिया जाता है।

छोड़े जाने के बाद ये मवेशी और कुत्ते पूरे गांव में फैल चुके हैं। आवारा मवेशी खेतों में घुसकर खड़ी धान की फसल को चट कर जा रहे हैं। विशेषकर पुर्री धान की फसल को ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है जो एक बार खाने के बाद दोबारा नहीं उगेगी। आवारा कुत्ते गांव की गलियों में छोटे छोटे बच्चों को दौड़ा रहे हैं। जिससे गांवों में दहशत का माहौल है।

सड़क हादसों का डर

वहीं आवारा मवेशी हरा चारा देखकर सीधे खेतों में घुस जा रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि ये मवेशी और कुत्ते शहरी क्षेत्र रायगढ़ शहर के हैं जिन्हें शहर से निजात पाने के लिए चुपके से पुसौर के ग्रामीण इलाकों में छोड़ा जा रहा है। सड़क हादसों का भी खतरा मवेशियों और कुत्तों की संख्या बढ़ने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। कभी मवेशी या कुत्ते वाहन की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं तो कभी उन्हें बचाने के चक्कर में बाइक सवार आम आदमी गिरकर चोटिल हो रहे हैं। प्रशासन से मांग ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पिकअप वाहनों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाए और गांवों में घूम रहे आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में डाला जाए।

मां चंद्रहासिनी के चरणों में अर्पित होगी 108 फीट की चुनरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



- 15 अक्टूबर को निकलेगी भव्य चुनरी शोभायात्रा

मां चंद्रहासिनी की पावन नगरी चंद्रपुर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर इस वर्ष श्रद्धा और भक्ति का अनूठा आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि की पंचमी तिथि 15 अक्टूबर को मां चंद्रहासिनी के चरणों में 108 फीट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर नगर में भव्य चुनरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर गुरुवार को नगर के वरिष्ठजनों एवं नवयुवकों की उपस्थिति में विधिवत श्रीफल फोड़कर श्रीगणेश किया गया। इसके साथ ही चुनरी शोभायात्रा की तैयारियों का शुभारंभ किया गया।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। नगरवासियों की सहभागिता से निकाली जाने वाली यह शोभायात्रा धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश देगी। आयोजकों द्वारा शोभायात्रा को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नवरात्रि के दौरान मां चंद्रहासिनी के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। 108 फीट की चुनरी के साथ निकलने वाली यह भव्य शोभायात्रा नगर में विशेष आकर्षण का केंद्र रहने की उम्मीद है।

डीएमएफ से 1.48 करोड़ के तीन विकास कार्यों की स्वीकृति

रायगढ़। जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ मद से 1 करोड़ 48 लाख 3 हजार की लागत वाले तीन महत्वपूर्ण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें दो एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था तथा धरमजयगढ़ क्षेत्र के मरीजों के लिए रायगढ़ तक निःशुल्क बस सेवा शामिल है। लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम हीरापुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पेयजल व्यवस्था के लिए 42 लाख 38 हजार स्वीकृत किए गए हैं। इसके तहत नलकूप खनन, 3 एचपी सबमर्सिबल पंप, पंपिंग मेन, 30 केएल सम्पवेल टंकी, स्विच रूम सहित आवश्यक विद्युत कार्य किए जाएंगे। धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम सिसरिंगा स्थित एकलव्य स्कूल एवं छात्रावास में पेयजल आपूर्ति के लिए 40 लाख 90 हजार रुपए स्वीकृत हुए हैं। यहां नलकूप खनन, सबमर्सिबल पंप, सम्पवेल, एचडीपीई पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य किया जाएगा।

सेजेस चंद्रपुर के विद्यार्थियों ने अदानी पावर लिमिटेड का किया औद्योगिक भ्रमण

चंद्रपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस चंद्रपुर के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने रायगढ़ जिले के बड़े भंडार स्थित अदानी पावर लिमिटेड का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया।



भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में अर्जित सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक औद्योगिक गतिविधियों से जोड़ते हुए बिजली उत्पादन की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के प्राचार्य हेम चरण पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पावर प्लांट के विभिन्न विभागों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। प्लांट के विशेषज्ञों एवं इंजीनियरों ने विद्यार्थियों को कोयले से विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया, आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा पर्यावरण संरक्षण के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने औद्योगिक गतिविधियों को लेकर विशेष उत्सुकता दिखाई तथा विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक विषयों पर सवाल पूछे। इंजीनियरों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का सरल एवं संतोषजनक ढंग से समाधान किया। विद्यार्थियों को इस दौरान यह समझने का अवसर मिला कि विद्युत उत्पादन जैसी जटिल प्रक्रिया विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी चरणों से होकर किस प्रकार पूरी होती है। जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे ने औद्योगिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुभव आधारित कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है। इससे विज्ञानए तकनीक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जिज्ञासा विकसित होती है। विद्यालय के प्राचार्य हेम चरण पटेल ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा.कक्ष से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया के अनुभवों से जोड़ते हैं। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी समझए अनुशासन तथा भविष्य के कैरियर को लेकर जागरूकता विकसित होती है। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश देवांगन, गिरिजा शंकर यादव, तिलेश माली एवं गौरी गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की शिक्षिका शालिनी नेताम, आरती शर्मा एवं आशुतोष नायक भी उपस्थित रहे। शिक्षकों की सतत निगरानी एवं मार्गदर्शन में पूरा भ्रमण सुरक्षित, अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। औद्योगिक भ्रमण से लौटे विद्यार्थियों ने इसे अपने शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बताया। विद्यार्थियों ने कहा कि भ्रमण के माध्यम से उन्हें बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को करीब से समझने के साथ औद्योगिक क्षेत्र में तकनीक, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जानने का अवसर मिला।

भारतीय लोकतंत्र की रक्षा को लेकर ब्लॉक कांग्रेस का विरोध



सरसींवा। भारतीय लोकतंत्र की रक्षा, संविधान की गरिमा एवं चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा द्वारा गुरुवार, 8 अक्टूबर को बस स्टैंड सरसींवा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन एवं बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीषम प्रसाद साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं एवं ब्लॉक के सांसदों के साथ किए गए व्यवहार के विरोध में 8 अक्टूबर को श्काला दिवसश के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सरसींवा नगर मंडल अध्यक्ष रमेश सोनी, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुबे यादव, ब्लॉक सचिव आनंद राम साहू, मंडल प्रभारी गेंदालाल साहू, पार्षद भूषण भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांशु जांगड़े, आकाश पांडे, रोहित साहू, अतुल्ला खान, लोकेश साहू, सेतु साहू, परसराम बंजारे, अनुज खटकर, सोमनाथ पटेल, भूषण मानिकपुरी, दिलीप कुर्रे, गौतम यादव, विजय सिदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आरव ने अंतरराष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में जीता स्वर्ण

रायगढ़। उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 5वीं के छात्र आरव सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। यह अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता 2 से 4 अक्टूबर तक महिला महाविद्यालय, सेक्टर.9, भिलाई में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच आरव सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का प्रदर्शन की। आरव की इस शानदार उपलब्धि पर उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन गौतम चौधरी, डायरेक्टर संजय चौधरी, प्राचार्य देवेन्द्र नाथ साहू एवं एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास ने आरव को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज रजनीश सिंह एवं असिस्टेंट स्पोर्ट्स इंचार्ज सोमेश साहू के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने भी विद्यार्थी की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आरव की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।



विशाल रंगोली में साकार हुआ समावेशी और विकसित भारत का संकल्प

सारंगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में सेवा के रंग, राष्ट्र के संग की भावना को साकार करती विशाल रंगोली ने सेवा, सामाजिक समरसता, समानता और विकसित भारत के संकल्प का अनूठा संदेश दिया। रंग बिरंगी कलाकृतियों से सजी इस आकर्षक रंगोली में वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के साथ ऐसे समावेशी समाज के निर्माण की भावना को खूबसूरती से उकेरा गया, जहां प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार मिले।

विशाल रंगोली की सुंदरता और उसमें समाहित सामाजिक संदेश ने लोगों का मन मोह लिया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणजनों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने इस आकर्षक रंगोली का अवलोकन किया। खेलभांठा मैदान में तैयार इस विशाल गोलाकार रंगोली में



दिव्यांगजन सशक्तीकरण, सामाजिक समरसता, समान अवसर और मानवीय संवेदनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। रंगोली के मध्य विशाल हथेली पर पहियेदार कुर्सी का उपयोग करते दिव्यांगजन, दृष्टिबाधित व्यक्ति, श्रवणबाधित व्यक्ति और बच्चों की आकर्षक आकृतियां उकेरी गईं। इन आकृतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शारीरिक चुनौतियां किसी व्यक्ति की प्रतिभा, क्षमता और आगे बढ़ने के संकल्प में बाधा नहीं बन सकतीं। समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने से ही सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव है। रंगोली में अंकित समावेशन, अवसर, सम्मान और सशक्तीकरण, के साथ अलग अलग क्षमताएं, एकजुट होकर अधिक सशक्त तथा अधिक समावेशी भारत जैसे प्रेरक संदेशों ने दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच और समान भागीदारी की भावना को मजबूती प्रदान की गई। रंगोली में उकेरी गई हरियाली, सूर्य की किरणें और प्रगति के प्रतीक देश के उज्ज्वल भविष्य, नई ऊर्जा और विकास की संभावनाओं को दर्शाते नजर आए। रंगों का सुंदर संयोजन और सामाजिक सरोकारों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति इस विशाल रंगोली की विशेष पहचान रही। विशाल रंगोली के चारों ओर विद्यार्थियों एवं नागरिकों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। रंगोली के चारों ओर एक साथ खड़े प्रतिभागियों ने सामाजिक एकता, सहयोग, सद्भावना और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया।

परियोजना प्रभावित गांवों में 30 सौर संयंत्र स्थापित

एनटीपीसी लारा की सौर रोशनी से जगमगाया गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सूर्यास्त के बाद भी जीवन रुकता नहीं। बच्चे स्कूल से घर लौटते हैं, कर्मचारी अपने काम से वापस आते हैं और परिवार रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आवागमन करते हैं। लेकिन पुसौर से थेंगापाली और आसपास के परियोजना प्रभावित गांवों में अंधेरा लंबे समय से लोगों के लिए आवागमन की चुनौती बना हुआ था। कम रोशनी और सीमित दृश्यता के कारण शाम के बाद यात्रा करना कठिन होता था।

अब इन गांवों की तस्वीर धीरे धीरे बदल रही है। एनटीपीसी लारा की सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास पहल के अंतर्गत पुसौर थेंगापाली मार्ग तथा आसपास के परियोजना प्रभावित गांवों में 30 सौर उच्च मस्त प्रकाश संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन प्रकाश संयंत्रों ने केवल सड़कों को रोशन नहीं किया है, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन में सुरक्षा, सुविधा और आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। शाम के समय घर लौटने वाले विद्यार्थियों, काम से लौटने वाले कर्मचारियों और आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन करने वाले ग्रामीणों के लिए अब रास्ते अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित हो गए हैं। इस पहल की विशेषता यह है कि इन प्रकाश संयंत्रों के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होने के साथ साथ स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। एनटीपीसी लारा की यह पहल इस विचार को मजबूत करती है कि विकास केवल सुविधाओं के निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वह सतत, पर्यावरण अनुकूल और जन केंद्रित भी होना चाहिए। इस कार्य का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा, रायगढ़, एक शासकीय संस्था, के माध्यम से किया जा रहा है। संस्थागत सहयोग और स्थानीय आवश्यकताओं के समन्वय से यह पहल धरातल पर सकारात्मक बदलाव का रूप ले रही है। एनटीपीसी लारा का यह प्रयास यहीं समाप्त नहीं होता।

सामाजिक उत्तरदायित्व से सामुदायिक सशक्तिकरण तक

एनटीपीसी लारा के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व केवल भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य आसपास के समुदायों के जीवन में ऐसे बदलाव लाना है, जो सुरक्षा, सुविधा, अवसर और आत्मविश्वास को बढ़ावा दें। एक रोशन सड़क किसी विद्यार्थी की घर वापसी को आसान बना सकती है। किसी कर्मचारी के सफर को सुरक्षित बना सकती है और गांवों के बीच संपर्क को बेहतर कर सकती है। इसी तरह, सौर ऊर्जा से संचालित विद्यालय आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ ऊर्जा के महत्व को समझने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित कर सकता है।

